कार्यालय प्राचार्य शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 1429/ स्थापना.राज. / 2023 रायपुर, दिनांक 06 / 09 / 2023

// विज्ञापन //

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 504 / 126 / आउशि / स्था राज / 2023 नया रायपुर दिनांक 10 / 07 / 23 से प्राप्त निर्देशानुसार महाविद्यालय में प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापको के रिक्त पदो के विरूद्ध शासन से स्वीकृत मापदंडों एवं मानदेय दरों पर अतिथि व्याख्याताओं की व्यवस्था शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जानी है। तत्संबंध में इस महाविद्यालय में प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों के विरूध्द अध्यापन कार्य हेतु नीचे दर्शित विषय में निम्नांकित संख्या में अतिथि व्यख्याताओं से अध्यापन की व्यवस्था की आवश्यकता है:–

स.क्र.	विषय	रिक्तियों की संख्या
01	हिंदी	01

शर्तें :–

1. मानदेय शिक्षकीय कार्य हेतु 40 / 45 मिनट के एक व्याख्यान के लिए मानदेय रू. 300 / – प्रति व्याख्यान देय होगा । अतिथि व्याख्यान व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक दिवस में अधिकतम 4 व्याख्यान / पीरियड्स का मानदेय प्रतिदिन 1200 / – होगा जो प्रतिमाह 31200 / – (रू. इक्कतीस हजार दो सौ मात्र) की सीलिंग के अधीन होगा ।
2. इस प्रायोजन हेतु अतिथि व्याख्याता की सेवाए भविष्य में नियमितिकरण का आधार नही बनेगी और न ही आप अधिमान्य बर्ताव (Preferential treatment) के हकदार होंगे ।
3. शैक्षणिक सेवा देने के समय आपको नोटरी से प्रमाणित शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि आपके विरूध्द पुलिस अथवा न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन नही है साथ ही यह कि आप किसी अन्य शासकीय / अशासकीय / अर्ध्दशासकीय सेवा में नही है का शपथ–पत्र प्रस्तुत किये जाने के पश्चात ही आपका व्याख्यान देने हेतु दिया गया आमंत्रण मान्य होगा ।
4. आमंत्रण सूचना जारी होने के पांच दिवस के भीतर आपको अध्यापन कार्य करना होगा । अन्यथा वरीयता क्रम में दूसरे अतिथि विद्वान शिक्षक को अवसर प्रदान किया जायेगा ।
5. यह अध्यापन व्यवस्था 30 जून 2024 तक के लिए होगी ।
6. यह अध्यापन व्यवस्था पूर्णतः अस्थाई है तथा किसी भी समय आपको व्याख्यान देने से मुक्त किया जा सकता है ।

उपरोक्त व्यवस्था हेतु अभ्यर्थी अपना आवेदन दिनांक 09/09/2023 तक संबंधित विषयों के विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है ।

06/9/23

(डॉ. पी.सी. चौबे)
प्राचार्य
शास.नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपर (छ.ग.)

क्रमांक 1430 / स्थापना.राज. / 2023 रायपुर, दिनांक 06 / 09 / 2023

प्रतिलिपि :–

1. समस्त स्थानीय महाविद्यालय, रायपुर।
2. डॉ. अरूण कुमार मिश्रा, संयोजक।
3. संपादक दैनिक ....समाचार–पत्र, कृपया इस विज्ञापन को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में जनहित में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

06/9/23

प्राचार्य
शास.नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)